हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025

04 राम दरबार स्वरूप में सजे नन्हे बच्चों ने मोहा मन...



09 राजगढ़ के प्रावि शिक्षक ने सीहोर में किया जानलेवा...





## खबर संक्षेप

### तहसील में पासपोर्ट बनाने मोबाइल वैन तैनात

**सीहोर।** भोपाल के भारतीय विदेश सेवा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा भारत सरकार की पासपोर्ट जारी करने की सेवाओं को अधिक सुलभ और कुशल बनाने तथा आवेदकों को उनके घर तक आसानी से पासपोर्ट सेवाएं देने के उद्देश्य से सीहोर तहसील कार्यालय के नए भवन में आगामी 2 माह के लिए पासपोर्ट मोबाइल वैन तैनात की गई है। जो अपना पासपोर्ट बनवाना चाहते हैं, वे यहां पर खड़ी मोबाइल वैन पर पहुंचकर अपने दस्तावेज जमा करा सकते हैं। अपने पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**सीहोर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत युवा, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी एवं एनएसएस के सदस्य आदि ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीयन लिंक है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 है। युवा अपने पंजीयन के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### 4.90 लाख बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क साइकिल

**सीहोर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन दर और शिक्षा गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना में इस शैक्षणिक सत्र में 4 लाख 90 हजार बच्चों को साइकिल का वितरण किया गया है। इस वर्ष विभाग ने योजना के लिये 215 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। योजना के माध्यम से उन बच्चों को निःशुल्क साइकिल का लाभ दिया जा रहा है, जिन्होंने कक्षा-5 और कक्षा-8 उत्तीर्ण कर ली है। ऐसे विद्यार्थियों के अगली कक्षा की दूरी मजरे टोले की दूरी 2 किलोमीटर या उसे अधिक की दूरी पर हो उन्हीं बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना में उन बालिकाओं को भी योजना का लाभ दिया जा रहा है जो छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रही है। बच्चों को साइकिल की सुविधा स्कूल आने-जाने के लिये प्रदान की गई है। पिछले वर्ष विभाग ने 4 लाख 80 हजार बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरित की थी। लोक शिक्षण संचालनालय ने साइकिल खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से लघु उद्योग निगम की सहयोग से पूरी की है।

### छिंदवाड़ा में कफ सिरप से बच्चों की मौत से प्रदेश शर्मसार

# जिले में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे, जिला अस्पताल अव्यवस्था का शिकार:राजीव गुजराती

कार्यताओं ने स्वाथ्य मंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





विगत दिनों छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से कई दर्जन मासूम बच्चों की मौत स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला एवं सीहोर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही लापरवाही के खिलाफ प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व एवं पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल की विशेष उपस्थिति में जिला चिकित्सालय सीहोर के मुख्य द्वार के पास जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। उपस्थित सभी कार्यताओं ने स्वाथ्य मंत्री इस्तिफा दो के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाऐं बद से बदतर हो गई है, विगत दिनों छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से मासूमों मौतों से मध्य प्रदेश को गहरे दुख में डाल दिया है। यह घटना सरकार और प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। इसके साथ ही सीहोर जिले में भी स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे है जिला अस्पताल में भी रोज नए विवाद सामने आते हैं।

वर्तमान सरकार की नाकामी के कारण बच्चों की मृत्यु सर्दी जुकाम का इलाज करने में कफ सिरप से हो जाती है और असंवेदनशील सरकार और उसके मुख्यमंत्री पत्रकारों से कहते हैं कि कल की बात छोड़ों आज की बात करों ना स्वास्थ्य मंत्री का कोई इस्तीफा सामने आया ना किसी नैतिकता के आधार पर किसी अधिकारी पर आज तक कार्रवाई हुई। उन्होंने मध्य प्रदेश के निवासियों को नहीं पूरे देश के निवासियों को झंझोर कर रख दिया। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की स्थिति यह है कि एक झोला छाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन से एक मासूम बच्ची की मृत्यु हो गई। वहीं रोज नए विवाद जिला अस्पताल में सामने आते हैं डॉक्टर है नहीं तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी डॉक्टरों का काम कर रहे हैं, इन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की स्थिति को जमीन पर ला दिया है। गांव-गांव, गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में अस्पताल खुल गए कोई देखने वाला नहीं है, जिस अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही करता है, उस अस्पताल को 15 दिन बाद उसे अस्पताल को नए नाम से सीएमएचओ कार्यालय परमिशन दे देता है। भुरूंदा के नर्मदा अस्पताल में एक मृत व्यक्ति के शरीर को पैसे के अभाव में मृत शरीर उसके पीड़ित परिवार को नही दे रहे थे।

पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि जिस तरह से छिंदवाड़ा में मासूमों की हत्या हुई है, उसमें उन मासूम बच्चों की क्या गलती थी, यह सीधे-सीधे सरकार की लापरवाही थी। सिर्फ डॉक्टर को निलम्बित करने से क्या हो जायेगा, स्वास्थ्य मंत्री को इस्तिफा देना चाहिये, क्योंकि यह उनकी उम्मेदारी है। जिला चिकित्सालय और स्वास्थ्य विभाग पंगु बना हुआ है, स्वास्थ्य अधिकारी नेताओं की जी हजुरी में लगे हुए हैं। अगर स्वास्थ्य अधिकारी नेताओं के कदमों में पड़े रहेगें तो सुचारू स्वास्थ्य व्यवस्था क्या कर पायेगें।

धरना प्रदर्शन में अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा भी अपने-अपने व्यक्तव्य कहे गये, जिनमें प्रमुख रूप से हरपाल ठाकुर, कमल सिंह चौहान, विवेक राठौर, गुलाब बाई ठाकुर, ओम वर्मा, नईम नवाब, राजाराम बड़े भाई आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील दुबे ने किया। धरना प्रदर्शन में उपस्थितजनों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, ओम वर्मा, नईम नवाब, हरपाल ठाकुर, कमल सिंह चौहान, जफर लाला, विवेक राठौर, गुलाब बाई प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, राजेश भूरा यादव, रामप्रकाश चौधरी, नरेन्द्र खंगराले, हर्षदीप राठौर, घनश्याम यादव, मुकेश ठाकुर,, मजीद अंसारी, इरफान लाला, प्रेम नारायण परमार, घनश्याम मीणा, राकेश वर्मा, अफीज चौधरी, सईद लाला मंसूरी, संतोष पटेल, बनेसिंह पटेल, तेज सिंह जावरिया, कृपाल मालवीय, मुकेश बड़ोदिया, मनोज पटेल, मुकेश ठाकुर, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, देवीसिंह थरोल, देवेन्द्र चौधरी, कमलेश चाण्डक, संतोष सिंह बेस, अजय रैयकवार, विनीत गोयल, तारा यादव, राहुल ठाकुर, ममता शर्मा, आसिफ अंसारी, असरफ अली, हसीन कुरेशी, मांगीलाल टिमरनी, गोविन्द सिंह, मनीष मेवाड़ा, तनिश्क त्यागी, यश यादव, यश यादव, गजराज परमार, सुयश तोमर,संतोष सेन, मांगीलाल पटेल, मोनू शर्मा, लक्की शर्मा, अक्षत तोमर, सुयश तोमर, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## टाउन हाल वाले स्टॉप डैम में गंदगी का अंबार



**सीहोर।** स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश की नगर पालिकाओं की श्रेणी में प्रथम स्थान का पुरस्कार पाकर सीहोर नगर पालिका परिषद ने शहर को गौरांवित किया है, लेकिन यह सफलता निरंतर बनी रहे, इसके लिए शहरवासियों सहित नगर पालिका के सफाई अमले को भी प्रयासरत रहना होगा। आलम यह है कि नंबर-1 सीहोर में टाउनहाल स्थित स्टॉप डेम में अब तक गणेश जी और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के कचरे का ऐर पड़ा है। बता दें दो दिन पहले ही भोपाल में आयोजित भव्य समारोह में सीहोर नगर पालिका को स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन (समग्र रूप से छठवां स्थान और नगर पालिका श्रेणी में प्रथम) के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद नपाध्यक्ष राठौर ने शहरवासियों से स्वच्छ सीहोर, सुंदर सीहोर के संकल्प को आगे बढ़ाने की अपील की थी। सीएमओ सुधीर सिंह ने भी स्वच्छता को मानसिक और आध्यात्मिक शुचिता का प्रतीक बताया था।

### सम्मान के बीच स्टॉप डैम की बदहाली

लेकिन पुरस्कार और अपीलों के बीच टाउन हाल स्टॉप डेम की स्थिति अच्छी नहीं लग रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार गणेश जी एवं दुर्गा जी की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्टॉप डेम में व्यवस्थाएं की गई थीं।

दोनों बड़े त्योहारों को अब लंबा समय बीत चुका है और दीपावली का पर्व करीब आ रहा है, बावजूद इसके स्टॉप डेम से विसर्जन के बाद जमा हुआ कचरा, मलबा और अन्य गंदगी नहीं हटाई गई है। पूरे डेम में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

### अपील के बाद भी लापरवाही

नगर पालिका के शीर्ष नेतृत्व को यह सम्मान शहर की जागरूकता और जन आंदोलन के लिए मिला, लेकिन प्रमुख जल निकाय की यह अनदेखी शहरवासियों की उस मेहनत पर पानी फेर रही है, जिसके दम पर पालिका ने यह पुरस्कार जीता।

सवाल उठता है कि जब नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सीएमओ सुधीर सिंह दोनों ही स्वच्छता को लेकर शहरवासियों से भागीदारी निभाने की अपील कर रहे हैं तो आखिर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी क्यों इस प्रमुख गंदगी के अंबार को साफ करने में लापरवाही बरत रहे हैं।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुजराती ने विधायक सुदेश राय को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने स्थानीय विधायक सुदेश राय को पत्र लिखकर इंदौर-भोपाल पुराने हाईवे पर हाउसिंग बोर्ड के पास निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के काम में हो रही गंभीर अनियमितताओं को लेकर हस्तक्षेप की मांग की है। गुजराती ने विधायक को आगाह किया है कि अगर निर्माण में सुधार नहीं हुआ तो भविष्य में बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

पत्र में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लिखा कि हाउसिंग बोर्ड के समीप रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज निर्माण की सर्वे के बाद जो मूल ड्राइंग निश्चित हुई थी, उससे फेरबदल कर निर्माण किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। गुजराती ने विधायक को बताया कि



हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की तरफ जहां पुल उतरना है, वहां निजी जमीन होने के कारण ब्रिज को मोड़ा जा रहा है। सबसे गंभीर समस्या यह है कि आस-पास की लगभग आधा दर्जन कॉलोनियों की सर्विस रोड केवल एक ही तरफ उतारी जा रही है, जबकि दूसरी तरफ सर्विस रोड का निर्माण नहीं किया जा रहा है।

### विधायक से किया अनुरोध

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने विधायक सुदेश राय से अनुरोध किया है कि वे कुछ विषय विशेषज्ञों और कॉलोनियों के चिन्हित नागरिकों के साथ मौके का निरीक्षण करें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित कर जनहित की इस प्रमुख समस्या का निराकरण करने और हाउसिंग बोर्ड की तरफ दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

गुजराती ने कहा कि इस मार्ग से स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों का आवागमन रहेगा। कॉलोनियों के नागरिकों को एक ही तरफ से पुल पर चढन्ना और उतरना पड़ेगा, जिससे हमेशा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहेगा।

### मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 तक

**सीहोर।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। आवेदन पत्रों की जांच 15 नवम्बर तक होगी और अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राइसाइकल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जायेगी। आयुक्त सामाजिक न्याय ने बताया की स्पर्श पोर्टल ओपन कर दिया गया है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने जिले से अधिक से अधिक पात्र दिव्यांग छात्र/छात्राओं को योजना हेतु आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित करें एवं जिला अधिकारी आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### बल्लभगढ़ ले जाकर नाबालिग से किया रेप, दोषी को 20 साल की सजा

**सीहोर।** नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसे हरियाणा के बल्लभगढ़ ले जाकर उसके साथ बलात्कार करने के मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने फैसला सुनाया है। न्यायालय ने दोषी उमेश मेवाड़ा निवासी सीहोर को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल तीन हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक रेखा यादव ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी ने 20 जून 2023 को अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी को गांव के ही उमेश मेवाड़ा पर संदेह था।

पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पीड़िता को 20 अगस्त 2023 को आरोपी उमेश मेवाड़ा के कब्जे से दस्तयाब किया। पीड़िता ने अपने बयान में खुलासा किया कि आरोपी उसे बहला फुसलाकर फरीदाबाद बल्लभगढ़ ले गया, जहां बल्लभगढ़ में एक किराए के कमरे में रखकर उसने कई बार जबरन बलात्कार किया। पीड़िता को घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। अभियोजन पक्ष के तर्कों और प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए न्यायालय ने दोषी को पॉक्सो अधिनियम 2012 की धाराओं के तहत 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 366 भादवि में 2 वर्ष और धारा 363 भादवि में 1 वर्ष के सश्रम कारावास तथा कुल तीन हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। इस मामले में शासन की ओर से इस पूरे मामले में विशेष लोक अभियोजक रेखा यादव ने पैरवी की।

### शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा की गिरफ्तारी को बताया अनुचित

# शासकीय कर्मचारियों को परेशान करने वाले गिरोह के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में आरटीआई के नाम पर शासकीय कर्मचारियों को परेशान करने वाले कथित संगठित गिरोह के खिलाफ शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए इस गिरोह पर सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा को झूठे प्रकरण में फंसाकर गिरफ्तार करने का आरोप लगाया और उन्हें जल्द रिहा करने की मांग भी की गई। ज्ञापन में बताया गया कि यह गिरोह आरटीआई एक्टिविस्ट होने का दावा करता है और शासन के विभिन्न विभागों से बार-बार आरटीआई के माध्यम से कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, नियुक्ति पत्र, वेतन विवरण जैसे दस्तावेजों की जानकारी जुटाता है। बाद में इनमें से किसी त्रुटि या कमी को आधार बनाकर संबंधित कर्मचारी या



अधिकारी पर दबाव बनाकर मोटी रकम की फिरौती वसूल करता है।

ज्ञापन में जिन छह व्यक्तियों को इस गिरोह का हिस्सा बताया गया है, उनके नाम पंजाब सिंह गुर्जर मुरार (ग्वालियर), दिनेश यादव बदरवास (शिवपुरी), राहुल सिंह सिकरवार (पंजाब सिंह का मुख्य सहायक), दिनेश धनगर ब्यावरा (राजगढ़).नवाज कुरैशी एमपी नगर (भोपाल) और श्रीनाथ दांगी राजगढ़ (ब्यावरा) का नाम शामिल है। शिक्षकों का आरोप है कि ये सभी लोग मिलकर प्रदेश में आरटीआई के नाम पर एक संगठित वसूली रैकेट चला रहे हैं। ज्ञापन में यह भी बताया कि ये लोग कहते हैं कि पूरे देश के सरकारी दफ्तरों में हमारे लोग हैं, जो सेवा पुस्तिकाओं में कमियां निकालकर हमें सूचना देते हैं और फिर हम वसूली करते हैं।

### हिम्मत सिंह मीणा को बताया निर्दोष

ज्ञापन में शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा की गिरफ्तारी को पूरी तरह से अनुचित बताया गया है और मांग की गई कि उन्हें रिहा किया जाए। शिक्षकों ने बताया कि हिम्मत सिंह पहले से ही इस गिरोह की धमकियों और मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो चुके हैं। शिक्षकों ने मांग की कि पंजाब सिंह गुर्जर और सहयोगियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए और गिरोह के सदस्यों की संपत्ति और आय का जांच कर आय से अधिक संपत्ति पर कार्रवाई हो।

## वर्द्धमान फेब्रिक्स में हुआ हादसा : लोहे की प्लेट गिरने से दो मजदूरों की मौत, एक घायल

**बुधनी।** पीलीकरार स्थित वर्द्धमान फेब्रिक्स में गुरुवार को निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। ठेका कंपनी एसएस इंजीनियरिंग वर्क्स (नागपुर, महाराष्ट्र) द्वारा शेड निर्माण का कार्य किया जा रहा था। काम के दौरान ऊपर से अचानक एक भारी लोहे की प्लेट गिर गई, जिसकी चपेट में आने से तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल का उपचार निजी अस्पताल में जारी है





मृतकों की पहचान कुंदन अंसारी पिता रईस (49 वर्ष), निवासी देवडिया, उत्तर प्रदेश तथा संदेश कुमार पिता रघुनाथ प्रसाद कुशवाह (37 वर्ष), निवासी सिवान, बिहार के रूप में हुई है। हादसे की सूचना प्रबंधन द्वारा परिजनों को दे दी गई है।

परिजनों के आने के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बताया गया है कि हादसे के समय बायो मास्क प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

**खबर संक्षेप**

### शुभ फल देगी भगवान धनवंतरि की जयंती: पं सुनील शर्मा

**सीहोर।** दीपोत्सव शनिवार से गुरुवार तक मनाया जाएगा। कार्तिक मास में दीपावली समय अवधि में बर्तन वस्त्र आभूषण खरीदना श्रेष्ठ होता है इसलिए इस अवधि में अधिकतम खरीदी की जाती है। शनिवार को पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में प्रदोष व्रत धनतेरस रहेगी। इस दिन भगवान धन्वंतरि की जयंती मनाई जाएगी। ताकि पूरे वर्ष सुख सौभाग्य और आरोग्यता बनी रहे। रविवार को उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में रूप चतुर्दशी रहेगी इस दिन सर्वार्थसिद्धि योग व अमृत सिद्धि योग रहेगा इस दिन छोटी दिवाली मनाई जाएगी। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार सोमवार को हस्त नक्षत्र में दीपावली मनाई जाएगी शास्त्र मान्यता अनुसार प्रदोष कल में अमावस्या तिथि का होना श्रेष्ठतम माना गया है इसलिए सोमवार शाम को श्री गणेश माता सरस्वती माता लक्ष्मी गौमाता कुबेर पूजन आदि देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी दीपावली के दिन भूमि भवन दुकान वह नई योजनाओं का शुभारंभ श्रेष्ठतम है इस दिन श्रीयंत्र की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। मंगलवार को चित्रा नक्षत्र में स्नानदान अमावस्या रहेगी अमावस्या को मुख्ता पितरों की पूजा होती है।

पाठशाला में सजा श्रीराम दरबार, प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता व प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया

# राम दरबार स्वरूप में सजे नन्हे बच्चों ने मोहा मन, अयोध्या लौटे राम की झलक हुई साकार

नगर की अग्रणी संस्था तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया








हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के पावन पर्व पर दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में विविध सांस्कृतिक व कलात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी कला, कंदील बनाओ, दीया सजाओ, ग्रीटिंग कार्ड निर्माण तथा लोक नृत्य प्रतियोगिता शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता व प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत राम, सीता, लक्ष्मण आदि स्वरूपों ने सभी को भावविभोर कर दिया। बच्चों के वेशभूषा व अभिनय ने ऐसा आभास कराया मानो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम स्वयं अयोध्या लौट आए हों। यह दृश्य दीपोत्सव की आध्यात्मिक गरिमा को और भी बढ़ा गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक आर. बी मालवीय ने विद्यार्थियों को दिवाली पर्व का सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व बताते हुए भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को श्रीराम जैसे उच्च आदर्शों को अपनाकर जीवन में सफलता की ओर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। दीपोत्सव कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।।

## ई-अटेंडेंस व्यवस्था को समाप्त किए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुरानी पेंशन बहाली संगठन एवं कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में मंगलवार, 14 अक्टुबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि स्कूल शिक्षा विभाग में हमारे शिक्षक एप और जनजातीय कार्य विभाग में ईएचआरएमएस एप के माध्यम से मुख्य रूप से शिक्षकों के लिए ई अटेंन्डेंस व्यवस्था लागू की गई है। यह ई अटेन्डेंस व्यवस्था जो कि जीपीएस और फेस रिकॉग्निशन पर आधारित है इसे वेतन प्रणाली से जोड़ा जा रहा है जिसे लेकर प्रदेश भर के शिक्षकों में निम्न तथ्यों के आधार पर आपत्ति है- शिक्षकों के उत्तरदायित्व की प्रकृति भिन्न है-शिक्षकों की अधिकांश पदस्थापना ग्रामीण और दूर दराज क्षेत्रों में है जहां शिक्षकों के लिए न आवास सुविधा है और न रहने का माहौल। शिक्षक अपने शैक्षणिक दायित्वों के अतिरिक्त बच्चों के आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने, बैंक खाता और समग्र आईडी, अपार आईडी, प्रोफाइल पंजीयन सहित दर्जनों कार्य भी करने पड़ते है।

शिक्षक बिना टीए डीए लिए जिला और ब्लाक मुख्यालयों के अनेक कार्यों को नित्यप्रति करते हैं। ऐसे में प्रतिदिन ठीक शाला खुलने और बंद होने के समय ई अटैन्डेंस लगाना व्यवहारिक नहीं है। शिक्षकों के दायित्वों को जानते हुए भी इलैक्ट्रानिक उपकरणों की व्यवस्था पर भरोसा करके वेतन व्यवस्था बनाना कई विवादों और समस्याओं को जन्म देगा। प्रार्थना और प्रथम कालखण्ड में अव्यवस्था नेटवर्क, लोकेशन और फेस रिकॉग्निशन पर आधारित अटैन्डेंस व्यवस्था हर समय सही से काम नहीं कर सकती है ऐसें में शिक्षक के समय पर विद्यालय में उपस्थित होने पर भी ई अटैन्डेंस नहीं लगेगी। देखा जा रहा है कि लोकेशन गलत बताने और फेस रिकॉग्निाइज न होने से शिक्षक प्रार्थना और प्रथम कालखण्ड को छोडक़र मोबाइल से अटैण्डेंस लगाने का प्रयास ही करते रहते हैं। शिक्षकों के मोबाइल से अटैण्डेस ई अटेण्डेंस शिक्षकों को अपने एण्ड्रायड मोबाइल से लगानी पड़ रही है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से एनएमओपीएस के जिलाध्यक्ष सवाई सिंह परिहार, संभागीय मीडिया प्रभारी बद्री प्रसाद मालवीय, जिला सचिव राजेश गुनावदिया, संजय सक्सेना, प्रदीप नागिया, इन्दर सिंह ठाकुर, महेश मालवीय, हेमराज पोलाया, विक्रम मालवीय, राकेश परिहार, रचना राठौर, मेडम अनवारी, किरण कसोटिया, शीला शाक्य, पुर्णिमा भेरवे, रजनी राठौर, आर.पी.गुणवान, मुकेश बालोनिया, मनोहर सिंह ठाकुर, मुकेश देवलिया, दिवाकर सिंह, चन्दर सिंह ठाकुर, कल्याण परमार, मदन परमार, गोपाल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग की त्रैमासिक बैठक संपन्न



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत गैवी एचएसएस 3.0, नियमित टीकाकरण एचपीडी, नियमित टीकाकरण कार्य योजना, शहरी टीकाकरण सुदृढ़ीकरण, एईएफआई प्रबंधन, व्हीपीडी सर्वेलेंस, खसरा एवं रूबेला उन्मूलन आदि विषयों पर चर्चा एवं समीक्षा के उद्देश्य से त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने जिले में टीकाकरण की प्रगति, लक्ष्य पूर्ति एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर चर्चा की। साथ ही आगामी तिमाही के लिए कार्ययोजना तैयार करने और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## संकुल प्राचार्य ने ड्रीम वर्ल्ड स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण



**इछावर।** ब्रिजीशनगर संकुल केंद्र प्रभारी बीएल मालवीय ने गुरुवार को ड्रीम वर्ल्ड ए न्यू थिंक स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संकुल प्राचार्य ने स्कूल की अकादमिक और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्राचार्य ने क्लासरूम में पहुंचकर विद्यार्थियों से कई सवाल जवाब किए। जिनका बच्चों ने बखूबी जवाब दिया। बच्चों के शैक्षणिक स्तर पर प्राचार्य ने संतोष व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की। साथ ही ओर बेहतर करने के लिए शैक्षणिक स्टाफ को आवश्यक टिप्स और निर्देश दिए। इस दौरान शिक्षक - शिक्षिकाओं से सिलेबस संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी हासिल की। स्कूल संचालक अनिल मालवीय ने स्कूल की अन्य व्यवस्थाओं से अवगत कराया। इसके पश्चात प्राचार्य श्री मालवीय ने अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण किया। जहां व्यवस्थाओं में सुधार के लिए स्कूल प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए।

## संविदा कर्मियों ने मांगों के निराकरण के संबंध में विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यूनाइटेड फोरम फॉर पावर इम्प्लाइज एवं इंजीनियर्स सीहोर में विद्युत विभाग से 10 वर्षों से जुड़े संविदा कर्मियों ने गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय को विद्युत विभाग के संविदा कार्मिकों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख विद्युत कंपनियों में कार्यरत संविदा कर्मियों को बिना किसी परीक्षा के संविलियन करने के लिए नीति बनाकर नियमित भर्ती प्रक्रिया होने के पूर्व नीति बनाकर नियमित(संविलियन) किया जाये।संबिदा कार्मिकों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों को पूरा कर उन्हें नियमित नहीं करती है तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यूनाइटेड फोरम संगठन के संगठन सचिव अनंत मिश्रा ने बताया कि वे अपनी मांगों से सरकार को कई बार विभिन्न माध्यमों से अवगत करा चुके हैं। हालांकि, उन्हें अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस स्थिति से सभी कर्मियों में गहरा रोष व्याप्त है।

संगठन से जुड़े सदस्य आशीष यूनाती ने बताया मध्य प्रदेश के लगातार 55 जिले में कलेक्टर को ज्ञापन दिया जा रहा है एवं जिले के जनप्रतिनिधि विधायक सांसद मंत्री को विज्ञापन दिया जा रहा है। इसके बाद भी हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो भोपाल में 2 नवंबर 2025 को शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में उपस्थित संगठन सचिव अनंत मिश्रा, हरक चंद्र प्रभारी,आशीष यूनाती उत्तम मरकाम, सुनील भाई, जितेन सावनेर आदि सदस्य मौजूद रहे।

## एसडीएम व एसडीओपी ने पटाखा बाजार का किया निरीक्षण



**भैरूंदा।** दीपावली के त्योहार को देखते हुए गुरुवार को भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाहा ,एसडीओपी रोशन कुमार जैन , व थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने नगर के दशहरा मैदान पर लगे पटाखा बाजार का औचक निरीक्षण किया। उनके लाईसेंस की जांच की और जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा बाजार में पटाखों की बिक्री कोई दुकानदार न करें।

अग्निशमन यंत्रों के साथ-साथ बालू रेत से भरी बाल्टियां और पानी भी रखें। पटाखा व्यवसायियों को नगर परिषद् द्वारा 148 दुकानों अस्थाई पटाखा दुकानें पर्ची के माध्यम से दी गई है। सभी दुकानों को नगर के दशहरा मैदान में लगाया गया है। इस दौरान खाली दुकान की जानकारी ली। वहीं पटाखे की दुकान पर बच्चों को न बैठाकर दुकानदार स्वंय बैठें। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने कहा कि पटाखे की दुकान अगर बिना लाइसेंस के पाई जाने पर दुकानदार पर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के लिए समय से पहले बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश दिए

# सीएम के बिलकिसगंज में प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में बैठक के दौरान लिए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 18 अक्टूबर 2025 को बिलकिसगंज में कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव कार्यक्रम में सभा को संबोधित करेंगे और प्रभावित किसानों के खाते में फसल क्षति राहत राशि का अंतरण करेंगे। इसके साथ ही वे विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में जिला अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौपे गये। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कार्यक्रम के लिए स्थल, सभा स्थल चयन, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने, उन्हे सु-व्यवस्थित ढंग से बैठने की व्यवस्था, परिवहन, मंच व्यवस्थाएं, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं साफ-सफाई व्यवस्था, एवं वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं संबंधी दायित्व अधिकारियों को सौपे गये, दायित्वों का समय-सीमा में तत्परतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में वन मंडल अधिकारी अर्चना पटेल, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाती मिश्रा डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थ। विकास खण्ड स्तर के अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण



बिलकिसगंज में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पहले ही पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगमन, निर्गमन, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात, बैठक व्यवस्था एवं साफ सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने सभी पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर 2025 को सीहोर जिले के बिलकिसगंज में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सीहोर के विद्यार्थियों ने दिखाया दम



**सीहोर।** निन्जा फ्युजन मार्सल आर्ट एकेडमी के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता अयोजित हुई। जिसमें निन्जा फ्युजन मार्सल आर्ट एकेडमी के कोच दिपांशु दिशावरी के नेतृत्व में बालक-बालिकाओं ने अपना प्रदर्शन दिखाया।

उक्त प्रतियोगिता में भोपाल, आष्टा, इन्दौर के खिलाडिय़ों ने भी भाग लिया। टीम लाने वाले कोचेस अनिल पुरिवया, मोहम्मद अमजद सिद्दकी (डीडब्ल्युपीएस), हिमांशु जोशी, भारती राठौर, कपिल मालवीय, दिव्या शर्मा के द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। सभी विजेता खिलाडिय़ों को पुरूस्कृत किया गया।

सीहोर के शिवेश इशिका, जसवीर, वैष्णवी, विनय, प्रियांक, तनुज, काव्या, भूमि, वंश, अंशुल, उद्धव, रोहन जिनीशा, आर्यन, रुद्र, दिव्यम, रुद्र, स्वयं, एलाक्षी, ऋषिका आदि खिलाड़ियों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए सीहोर का नाम रोशन किया।

### आरोपी शिक्षक को नरसिंहगढ़ के बिरगड़ी गांव से पकड़कर ले गई सीहोर पुलिस

# राजगढ़ के प्राथि शिक्षक ने सीहोर में किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के छापरीकलां प्राथमिक स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक को सीहोर पुलिस ने जानलेवा हमले से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है। शिक्षक पर आरोप है कि उसने गत सोमवार को सीहोर जिले की सीमा में पंजाब सिंह नाम के व्यक्ति पर रॉड से जानलेवा हमला किया और फरार हो गया। बाद में सीहोर पुलिस संबंधित शिक्षक को नरसिंहगढ़ के बिरगड़ी से गिरफ्तार करके अपने साथ ले गई। सीहोर पुलिस ने बताया कि सोमवार को ग्वालियर निवासी पंजाब सिंह और दिनेश धनगर अपनी कार से इंदौर जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही उनकी कार चौपाल सागर के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा ने कार रुकवाकर पंजाब सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमला करने वाला हिम्मत सिंह राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के जामुनिया गौपचौहान संकुल केंद्र के तहत आने वाली शाला छापरीकलां में प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ है। शिक्षक हिम्मत सिंह के हमले में घायल हुए पंजाब सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है और वे भोपाल में ईलाजरत हैं।



#### इनका कहना

अगर ऐसा हुआ है तो हम सीहोर पुलिस से को-ऑर्डिनेट कर एफआईआर की कॉपी मंगवाते हैं। उसके उपरान्त आगामी कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

**करण सिंह भिलाला, जिला शिक्षाधिकारी, राजगढ़**

#### यह है हमले का कारण

सीहोर पुलिस की पूछताछ में आरोपी शिक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि पंजाब सिंह उसे ब्लैकमेल करते हुए 15 लाख रुपए की मांग कर रहा था। ब्लैकमेलिंग का कारण शिक्षक हिम्मत सिंह द्वारा नौकरी पाने लगाई गई डीएड की फर्जी मार्कशीट थी। पंजाब सिंह ने फर्जी मार्कशीट से संबंधित दस्तावेज आरटीआई की जानकारी से जुटाए थे। इस आधार पर वो हिम्मत सिंह को ब्लैकमेल कर रहा था।

#### जिस बाइक से आया था वो बाइक की जब्त

शिक्षक हिम्मत ने जिस बाइक से पंजाब सिंह की कार का पीछा करने के बाद रॉड से हमला किया था, उस बाइक को भी पुलिस ने जब्ती में लिया है। सीहोर पुलिस ने बताया कि अगर आरोपी की तरफ से ब्लैकमेलिंग संबंधी शिकायत की जाएगी तो उस पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

#### शिक्षा विभाग भी कर रहा विभागीय जांच

आपको यह भी बतादें फर्जी मार्कशीट से नौकरी पाने के संबंध में हिम्मत सिंह पर राजगढ़ शिक्षा विभाग की जांच भी पूर्व से चल रही है। अब इस नए आपराधिक मामले के बाद जिला शिक्षा विभाग शिक्षक हिम्मत सिंह पर क्या कार्यवाही करता है, यह आने वाले समय में ही स्पष्ट हो पाएगा।

मेडिकल स्टोर संचालकों, फार्मासिस्ट की बैठक में दिए निर्देश

# 3 दवाएं बगैर डॉक्टर के पर्चे के किसी सूरत में न दें: सीएमएचओ



**राजगढ़।** प्रदेश के कुछ जिलों में जहरीली दवाओं के सेवन से हुई मासूम बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर जहां ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा चेकिंग समेत अन्य कार्यवाहियां की जा रही हैं वहीं बुधवार को सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने जिले के तीन ब्लॉकों राजगढ़, ब्यावरा एवं खिलचीपुर के मेडिकल स्टोर संचालकों, फार्मासिस्टों की बैठक आयोजित कर कई तल्ख निर्देश प्रदान किए हैं।

बैठक में सीएमएचओ ने कहा कि कोई भी दवाई बगैर डॉक्टर के पर्चे के नहीं देना है। विशेषकर मिसोप्रोसटोल, मिफिप्रोस्टल या इनके संयुक्त मिश्रण एवं एविल दवाई को बगैर डॉक्टर के पर्चे के किसी भी सूरत में न देने के निर्देश सीएमएचओ ने प्रदान किए। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने कहा कि इन दवाओं को बिना चिकित्सकीय पर्चे से दिए जाने से गलत इस्तेमाल किया जाता है। मिसोप्रोसटोल व मिफिप्रोस्टल खासकर गर्भपात एवं एविल टेबलेट का सेवन नशीले पदार्थ के रूप लोग करने लगे हैं। फार्मासिस्टों के साथ हुई उक्त बैठक का मुख्य उद्धेश्य दवाओं के दुरुपयोग को रोकना और मेडिकल स्टोर्स पर नियमों का पालन सुनिश्चित करवाना था।

#### 12 मेडिकल स्टोर्स को नोटिस जारी

पिछले दिनों ड्रग इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल द्वारा जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर जांच की गई थे। इस जांच में कुछ स्टोर्स पर फार्मासिस्ट नहीं मिले थे वहीं कुछ स्टोर्स पर क्रय-विक्रय का हिसाब नहीं मिला था। ऐसे में 12 मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें ब्यावरा के भाग्यश्री मेडिकल, सारंगपुर के शीला मेडिकल, सुलभ मेडिकल, तलेन के गायत्री मेडिकल, आयुष्मान मेडिकल, खुजनेर के गोविंद मेडिकल, छापीहेड़ा के धनवंतरी मेडिकल, बालाजी मेडिकल, गोस्वामी मेडिकल, बालाजी मेडिकल, शेख मेडिकल, अभय फॉर्म एजेंसी शामिल है।

## पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती 29 को ब्यावरा में, तैयारियां जारी

**ब्यावरा।** नगर के केसी कॉन्वेंट हाई स्कूल ब्यावरा में पिछोर के विधायक प्रीतमसिंह लोधी का आगमन हुआ। गौवंश की रक्षा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती स्थान दुर्गा हनुमान मंदिर अयोध्या बायपास भोपाल मे 29 अक्टूबर को गोपाष्टमी पर्व पर हम सब गौ भक्त गो संवर्धन के विभिन्न आयामों पर परस्पर विचार विनिमय कर आगामी रणनीति और कार्य योजना तैयार करेंगे। जिससे साध्वी उमा भारती का मार्गदर्शन प्राप्त होगा और हम सभी सम्मिलित रूप से आयोजित भंडारे में भी प्रसादी ग्रहण करेंगे। सहभागिता के लिए पिछौर के विधायक प्रितमसिह लोधी, प्रदेश महामंत्री बांकेलाल लोधा, राष्ट्रीय महामंत्री अर्जुन सिंह आगरा सभी सामाजिक बंधुओ से कार्यक्रम की रूपरेखा को बनाने के लिए सामाजिक बंधुओ से संपर्क करने के लिए ब्यावरा विधानसभा आकर उनका केसी कॉन्वेंट हाई स्कूल ब्यावरा में स्वागत किया। इंदरसिंह मित्र मंडल के नेतृत्व में शाल साफा फूल माला और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# दीपावली पर्व के पहले महिला इंस्पेक्टर ने संभाली छापीहेड़ा थाने की कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

छापीहेड़ा पुलिस थाने की अनुशंसा को कायम रखने की भागदौड़ को विगत कई वर्षों से टीआई पोस्ट की कुर्सी पर जनसेवा देश भक्ति के कार्य को सार्थक रूप से पुरुष कर रहे थे। परंतु दीपावली के पहले से महिला इंस्पेक्टर ने इस कार्यभार को संभाल लिया है। अब छापीहेड़ा थाने के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में तथा नगर में शांति की मिसाल कायम रखने के लिए महिला इंस्पेक्टर संगीता शर्मा अपने कर्तव्यों को सार्थक रूप देंगी तथा जनसेवा देशभक्ति के कर्तव्यों को निर्वहन करेंगी। जब पत्रकारों ने मिलकर नगर की अव्यवस्थाओं पर नजर प्रवाहित करवाई तो श्रीमती शर्मा ने दृढ़ता के साथ अपने कार्य करने की क्षमता के बारे में बताया कि इस क्षेत्र में अपराधी तत्वों पर पुलिस की चोकन्नी नजरे रहेगी तथा आने वाले त्योहारों पर थोड़ी सी कारिस्तानी करने वाले तत्वों पर कानून का सतत रूप से डंडा चलेगा। पत्रकार संगठन के महेश गुप्ता तथा समाज सेवी रिटायर्ड शिक्षक महेश गुप्ता हेमराज जायसवाल पुरुषोत्तम गुप्ता उमेश गुप्ता सभी ने मिलकर महिला इंस्पेक्टर संगीता शर्मा को छापीहेड़ा थाने की कमान संभालने पर पुष्प भेंट कर मिठाई से स्वागत कर बधाई प्रेषित की।

# वन विभाग की छापामार कार्रवाई, 14 आरा मशीनें सील



**सारंगपुर।** वन विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करने एवं प्रतिबंधित लकड़ियों का भंडारण तथा वन विभाग की स्वीकृति के बिना ही लकड़ियों का परिवहन करने सहित अन्य नियमों का पालन नहीं करने पर लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा बुधवार को छापामार कार्रवाई करते हुए सारंगपुर, पाडल्या माता, भैसवा माता, उदनखेड़ी, पचोर, संडावता, बोड़ा में आरा मशीनों पर कार्रवाई की। जानकारी देते हुए वन विभाग के अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि 14 आरा मशीनों को सील किया गया है, साथ ही उनको नोटिस देकर जबाव तलब किया है नियमानुसार कागज की पूर्ति नहीं करते हैं तो वन अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। नोटिस के जवाब में संबंधित आरा मशीन संचालकों का संतोष पूर्ण जवाब मिलने पर ही आरा मशीन संचालित कर सकेंगे। अब देखना यह है कि आरा मशीन संचालक वन विभाग द्वारा दिए गए नोटिस के जवाब में क्या दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं। जन चर्चा यह है कि कई आरा मशीनों के लाइसेंस नवीनीकृत नहीं हुए और कई आरा मशीन निर्धारित जमीन से हटकर संचालित हो रही हैं।

# लायंस क्लब ने पीस पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन



**सारंगपुर।** हमेशा से जनकल्याणकारी कार्यों में अग्रसर लायंस क्लब सारंगपुर के तत्वावधान में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बुधवार को पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दुनिया में एकता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम का विषय 'दुनिया में एकता' रखा गया, जिसके आधार पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अद्भुत चित्रकला प्रस्तुत की। बच्चों की कल्पनाशक्ति और रंगों के माध्यम से व्यक्त किए गए। एकता के संदेश ने उपस्थित सभी को भाव-विभोर कर दिया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था और उनकी चित्रकला ही आयोजन का मुख्य आकर्षण केंद्र रही। इस अवसर पर लायन महेश शर्मा, रूपेश जोशी, प्रदीप चौहान, मनोज दंडवानी, नितिन परिहार विनय मकोडिया उपस्थित रहे।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया आयोजन

# बाल-विवाह रोकने के प्रयासों के तहत सरपंचों, सचिवों की कार्यशाला आहूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सरपंचों एवं सचिवों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्धेश्य बाल-विवाह की रोकथाम हेतु सरपंचों, सचिवों के साथ मिलकर प्रभावी रणनीति तैयार करना एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक जिम्मेदारी तय करना था। कार्यशाला के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी श्रीमती नीलिमा देवदत्त ने कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। इसके लिए 2 वर्ष तक का कारावास और 01 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि यदि सभी सरपंच और सचिव ठान लें तो अपने-अपने गांवों और पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस दिशा में प्रत्येक जनप्रतिनिधि को संकल्प लेकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

#### विवाह पंजीयन पंचायत रिकार्ड में संधारित करें

प्राधिकरण के अधिकारियों ने सरपंच, सचिवों से कहा कि पंचायत में होने वाले बाल विवाह को रोकने की जिम्मेदारी आपकी भी है। ऐसे में सभी शादियों का पंजीयन पंचायत रिकॉर्ड में दर्ज होना चाहिए एवं कहीं पर भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो आपको प्रशासन को सूचना देना है। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की जिला समन्वयक रजनी प्रजापति ने बताया कि उनकी टीम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों और संवाद बैठकों के माध्यम से समाज में बाल विवाह के खिलाफ जनजागरण का कार्य कर रही है। उन्होंने पंचायतों में विवाह पंजीयन रजिस्टर और ग्रामों में ग्राम बाल कल्याण एवं सुरक्षा समिति के महत्व पर जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के समापन पर उपस्थित 14 पंचायतों के सरपंचों और सचिवों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अपने-अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

### दो माह का मिलेगा वेतन, 2 दिन हड़ताल से नगर में फैली अव्यवस्था

# नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर पालिका के कर्मचारियों को पिछले 5-6 माह से वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे उनके घर परिवार का लालन पालन करना मुश्किल हो गया। सामने दीपावली का त्यौहार है किंतु वेतन नहीं दिया गया। आक्रोशित कर्मचारियों ने हड़ताल का ऐलान करते हुए नगर पालिका के सामने धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर में 2 दिन न तो साफ सफाई हुई और न ही जल की सप्लाई की गई। बुधवार को कर्मचारियों ने दो माह का वेतन दिए जाने के आश्वासन के बाद अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। जानकारी के अनुसार मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा एसडीम को दिया गया आदेश के बाद नगर पालिका सीएमओ ने कर्मचारियों को मांगों को सुना और कुछ मांगों को जल निराकरण करने का आश्वाशन दिया, इसके बाद कर्मचारियों ने अपने हड़ताल समाप्त कर दी है। बताया जाता है कुछ मांगों के लिए एक महीने की समय सीमा मांगी लिखित में आश्वासन दिया, नगर पालिका परिषद ब्यावरा सीएमओ इकरार अहमद द्वारा जिला अध्यक्ष वीरू कछवाय का स्वागत किया। 2 माह का वेतन जल्द ही डलवाया जाएगा। दीपक वाल्मीकि ब्यावरा तहसील अध्यक्ष ट्रेड यूनियन ने बताया कि दूसरे दिन लगातार कर्मचारी हड़ताल पर थे। अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों से बैठकर चर्चा की। तहसील अध्यक्ष से मांगों को लेकर बातचीत की।

### काम पर लौटे सफाईकर्मी

# मंत्री पंवार ने जताया आभार कहा- शहर की स्वच्छता ही हमारी प्राथमिकता है




**ब्यावरा।** नगर पालिका ब्यावरा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सफाईकर्मियों की हड़ताल के चलते शहरवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। वेतन में विलंब की समस्या के चलते सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए थे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी।

बुधवार को जिला प्रशासन एवं स्थानीय नगर पालिका अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान निकाला गया। प्रशासन की पहल पर जब समाधान सामने आया तो सफाईकर्मियों ने आपसी सहमति से हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया और पुनः अपने कार्यस्थल पर लौट आए। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सफाईकर्मियों के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सफाईकर्मी हमारे समाज के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। शहर की स्वच्छता और नागरिक स्वास्थ्य उनकी मेहनत और सेवा भावना पर निर्भर करता है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। मुझे प्रसन्नता है कि सभी साथियों ने पुनः कार्य पर लौटकर शहर की सेवा का संकल्प दोहराया है। मंत्री पंवार ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन जैसे जनआंदोलनों ने देश में स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ा है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका ब्यावरा भी शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

### नगर परिषद ने विगत दिवस किया प्रस्ताव

# मोती के तालाब को जीर्णोद्धार की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



सुसनेर-जीरापुर रोड पर डग रोड वाले बालाजी मंदिर के समीप स्थित नगर का सबसे पुराना मोती का तालाब जो नगर में तत्कालीन समय में अपने नाम की प्रसिद्धि एवं अपनी पहचान से जाना जाता था। जहां पर बारह मास इस तालाब में पानी भरा रहता है। तालाब के पानी का तत्कालीन समय में पशुओं को पीने के अलावा पास की कृषि भूमि में जल स्तर बढ़ा रहता था। हालांकि छापी बांध के निर्माण उपरांत मोती का तालाब में पानी जरूर भर जाता है।

तत्कालीन जनपद अध्यक्ष स्व. पुरीलाल गुर्जर के कार्यकाल में जनपद के माध्यम से इस तालाब का गहरीकरण हुआ था उसके उपरांत मधुकांन कम्पनी ने सड़क निर्माण में तालाब परिसर से मिट्टी निकलवाईं जिससे भी तालाब गहरी करण हुआ था। तथा विगत लगभग एक वर्ष पूर्व नगर परिषद ने तालाब में जल गंगा संवर्धन योजना के तहत गहरीकरण कार्य किया था जिसमें किसान अपनी अपनी ट्रालियों से मिट्टी तालाब से लेकर गए थे। क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने तालाब के उचित रखरखाव तथा घाट निर्माण एवं सौंदरीकरण को लेकर विगत समय में जिला कलेक्टर राजगढ़ को लिखित में अवगत कराया था।

इस आधार पर विगत माह जिला कलेक्टर ने अपने दौरे के दौरान तालाब का स्थल निरीक्षण किया था। एवं विधायक हजारीलाल दांगी ने पत्रकारों से भी मोती के तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की थी जिसमें पूरे तालाब परिसर को व्यवस्थित करने की बात भी रखीं थीं इस दौरान कहा था कि नगर परिषद प्रस्ताव करती हैं तो उक्त तालाब के लिए शासन स्तर से राशि आवंटित करवाई जाएगी। हाल ही में परिषद कि 10 अक्टूबर को बैठक आयोजित हुई जिसमें नगर विकास के विभिन्न बिन्दुओं सहित उक्त तालाब पर घाट निर्माण सौंदर्यीकरण के लिए डीपीआर तैयार करने का प्रस्ताव किया। तथा डीपीआर तैयार करके पुरी कार्य योजना बनाई जावेगी। सीएमओ हरीओम शर्मा ने बताया कि परिषद में डीपीआर तैयार करने का प्रस्ताव हो चुका है। उपयंत्री का कहना है कि सीमांकन करवाना है तथा परिषद एवं विधायक द्वारा यह निर्णय लिया गया कि डग मंदिर वाले तालाब पर घाट निर्माण, पिचिंग, ग्रीन बेल्ट लाइट व्यवस्था, सौंदर्यीकरण काम किया जाये जिससे वह एक पर्यटन स्थल बन सकें, तथा स्वरोजगार योजना अंतर्गत सिंघाड़ा एवं कमल की खेती हो सके जिससे लोगों को स्व रोजगार मिल सके।

खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सीहोर के बच्चों ने दिखाया दम

**सीहोर।** निन्जा फ्युजन मार्सल आर्ट एकेडमी के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता अयोजित हुई। जिसमें निन्जा फ्युजन मार्सल आर्ट एकेडमी के कोच दिपांशु दिशावरी के नेतृत्व में बालक-बालिकाओं ने अपना प्रदर्शन दिखाया। उक्त प्रतियोगिता में भोपाल, आष्टा, इन्दौर के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। टीम लाने वाले कोचेस अनिल पुरिवया, मोहम्मद अमजद सिद्दकी (डीडब्ल्युपीएस), हिमांशु जोशी, भारती राठौर, कपिल मालवीय, दिव्या शर्मा के द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरूस्कृत किया गया। सीहोर के शिवेश इशिका, जसवीर, वैष्णवी, विनय, प्रियांक, तनुज, काव्या, भूमि, वंश, अंशुल, उद्धव, रोहन जिनीशा, आर्यन, रुद्र, दिव्यम, रुद्र, स्वयं, एलाक्षी, ऋषिका आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए सीहोर का नाम रोशन किया।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता

**नलखेड़ा।** जिले में उर्वरक का भंडारण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिले के कृषक अपनी आवश्यकता अनुसार उर्वरक प्राप्त करें। उप संचालक कृषि विजय चौरसिया ने बताया कि जिले में यूरिया- सहकारिता सोसायटियों में 1510 मैट्रिक टन, निजी -1669 मैट्रिक टन कुल 3179 मैट्रिक टन डीएपी सहकारिता- 892 मैट्रिक टन, निजी-576 मैट्रिक टन कुल 1468 मैट्रिक टन। एनपीकेएस.- सहकारिता -389 मैट्रिक टन निजी -2195 मैट्रिक टन कुल 2584 मैट्रिक टन उपलब्ध है। एमओपी सहकारिता -52 मैट्रिक टन निजी -296 मैट्रिक टन कुल 348 मैट्रिक टन उपलब्ध है।

## दीपावली पर्व के चलते साप्ताहिक हाट और मुख्य बाजार में दिखी रौनक

# सराफा, कपड़ा बाजार सहित इलेक्ट्रॉनिक मार्केट चमकी, खरीदारी करने पहुंचे लोग



सबसे ज्यादा सोना चांदी के सिक्के की रही वहीं कई लोगों ने शादी विवाह के लिए एडवांस बुकिंग भी की।





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दीपावली के पहले पुण्य नक्षत्र में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं बुधवार को साप्ताहिक हाट बाजार में भी बड़ी संख्या में खरीददार बाजार में पहुंचे। सबसे ज्यादा चहल पहल सराफा बाजार ,कपड़ा बाजार सहित इलेक्ट्रॉनिक और भोपाल नाके पर साप्ताहिक हाट बाजार में लोग खरीदारी करने पहुंचे शुभ मुहूर्त के चलते लोग बाजार में पहुंचे और अपनी जरूरत की चीज खरीदी बाजार में पुण्य नक्षत्र पर जमकर खरीदारी हुई इस दौरान सबसे ज्यादा सोना चांदी के सिक्के की रही वहीं कई लोगों ने शादी विवाह के लिए एडवांस बुकिंग भी की। नागरिक मोहित सोनी,रामकिशन मालवीय ने बताया कि इस बार बाजार में जमकर खरीदारी हो रही है सबसे ज्यादा ऑटोमोबाइल से इलेक्ट्रॉनिक और सराफा बाजार में खरीदारी हो रही है।

### फ्रिज, एलईडी की भी ज्यादा डिमांड

शहर के इलेक्ट्रॉनिक बाजार में बुधवार को अच्छा कारोबार हो रहा इलेक्ट्रॉनिक सामान के विक्रेता विशाल चौरसिया ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फ्रिज, एलइडी टीवी, वाशिंग मशीन आदि की डिमांड ज्यादा हो रही है शुभ मुहूर्त में लोगों ने पहले से ही बुकिंग भी कराई है दीपावली से पहले अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

### इन क्षेत्रों में भी अच्छा कारोबार

शहर की रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ नजर आ रही है पुण्य नक्षत्र पर कल ओर आज 100 से अधिक वाहन की बुकिंग हुई लोग परिवार के साथ दिवाली की खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। खासकर बच्चों में नए कपड़ों को लेकर उत्साह नजर आया है वहीं बर्तन बाजार में भी लोगों ने शुभ मुहूर्त में खरीदारी की।

## जनसुनवाई में आए नागरिकों की विधायक ने सुनी समस्याएं

समस्याओं का निराकरण करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत छापर की महिला सरपंच श्रीमति गीताबाई ने विधायक कार्यालय में प्रत्येक बुधवार को होने वाली जनसुनवाई में ग्रामीणों के साथ पहुच कर ग्राम छापर से केलापानी ग्राम तक ग्रेवल रोड निर्माण एवं केलापानी में हनुमान मंदिर के बहार भक्तों की सुविधा के लिये टीन शेड निर्माण कराने के मांग पत्र सौपे । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने कार्यालय में आई महिला सरपंच गीताबाई एवं सभी ग्रामीणों का जलपान करा कर सत्कार किया एवं उनकी समस्याओं एवं मांगो को सुना एवं हल करने का भरोसा दिया

इस जनसुनवाई में कई ग्रामो से ग्रामीण विधायक कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुचे थे । स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है । आज बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। सुनवाई में बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे।

विधायक कार्यालय से बताया की आज जनसुनवाई में आये ग्रामीणों ने आर्थिक सहायता प्रदाय कराने, मंदिर निर्माण हेतु सहयोग, प्रधानमंत्री आवास कुटी प्रदाय कराने, पीएम आवास की तीसरी किस्त की राशि जारी कराने, ग्रेवल रोड़ छापर से कैलापानी तक बनवाने, गुमशुदा की तलाश करवाने, विद्युत विभाग संबंधित समस्या का निराकरण करवाने, संबल कार्ड का लाभ दिलाने, आर्थिक सहायता हेतु मांग सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों व आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे।

## मर्टिनेट स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशानुसार और विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के मार्गदर्शन में ऋचा शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आष्टा जिला सीहोर म.प्र. के द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को मर्टिनेट हायर सेकेंडरी स्कूल, आष्टा में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। श्रीमती शर्मा द्वारा बताया गया कि भोजन जीवन का परम संसाधन है जो स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए आवश्यक है। वैश्विक खाद्य उत्पादन दुनिया की आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त से अधिक होने के बावजूद लाखों लोग अभी भी पौष्टिक और पर्याप्त भोजन प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह अंतर सभी के लिए खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में लगातार चुनौतियों को उजागर करता है प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व खाद्य दिवस इन चुनौतियों का एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। यह भूख मिटाने और जलवायु परिवर्तन आर्थिक असमानताओं और सामाजिक विसंगतियां जैसी बाधाओं को दूर करने में सक्षम और सुदृढ़ वैश्विक खाद्यप्रणालियों के निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है।विश्व खाद्य दिवस 2025 की थीम (बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए हाथ में हाथ) में रखा गया है कैसे सभी देश साथ आकर बेहतर भविष्य के लिए काम कर सकते है। उक्त शिविर का संचालन अतुल जैन, शिक्षक के द्वारा किया गया। शिविर में उप प्राचार्य प्रीति तिवारी एवं समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। अंत में प्राचार्य विनीत त्रिवेदी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## आष्टा विधानसभा के 85 हजार किसानों को मिलेगी मुआवजा राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर सीहोर के निर्देश के बाद आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के द्वारा किये गये ठोस प्रयासों को सफलता मिली है। 18 अक्टूबर को सीहोर जिले के बिलकिसगंज से मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लगभग 300 ग्रामों के 84 हजार से अधिक किसानों को खराब हुई सोयाबीन की फसल का मुआवजा उनके खातों में डालेंगे।


इसको लेकर राजस्व विभाग के सभी पटवारी आष्टा एवं जावर तहसील के सभी हलकों के ग्रामो में पहुच कर किसानों से उनके बैंक खाता नम्बर, आईएफसी कोड, आधार, खसरा,एवं शामिल खाता है तो शपथ पत्र एकत्रित कर डाटा एकत्रित कर रहे है ।ये सब लेने का प्रमुख कारण यह है की मुआवजा राशि सीधे किसान के खाते में पहुचेगी । मुआवजा राशि किसानों के खातों में सीधे पहुंचे इसके लिए दो दिनों से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी 300 ग्रामों के हल्का पटवारी अपने-अपने हलके में ग्राम ग्राम पहुंचकर किसानों के बैंक खाता आईएफसी कोड खसरा आधार नंबर तथा शामिल खातों के खातेदारों के शपथ पत्र एकत्रित कर डाटा कलेक्शन कर रहे हैं ।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर इस कार्य को देखने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अरनिया गाजी पहुंचे जहां पर मौके पर उपस्थित पटवारी द्वारा ग्राम के किसानों को आमंत्रित किया गया था तथा उनसे मुआवजा राशि जिन खातों में डाली जाना है की पूरी जानकारी एकत्रित कर रहे है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अरनिया गाजी ग्राम में पटवारी द्वारा जहां पर किसानों का डाटा एकत्रित किया जा रहा था वहां पहुंचकर पूरी जानकारी पटवारी से ली एवं किसानों से भी बात की एवं किसानों को कोई परेशानी तो नही आ रही है कि जानकारी ली।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी डाटा कलेक्शन कर रहे हैं पटवारीयो को निर्देश दिये है कि किसी भी किसान को, किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो तथा कोई भी किसान जिसकी फसल खराब हुई है वह मुआवजा राशि से किसी भी कारण से वंचित न रहे इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। विधायक को आज अपने बीच स्वयं सब जानकारी लेते देख किसानों ने विधायक का धन्यवाद किया।

## साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत बुधवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय खाचरोद में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की। कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी विद्यार्थी केवल साधन के अभाव से शिक्षा से वंचित न रहे। निशुल्क साइकिल वितरण योजना से विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे समय की बचत होगी तथा उनकी उपस्थिति में सुधार आएगा उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत ग्राम के सरपंच शंकर पटेल जाट व ग्राम वासियों द्वारा हार फूल माला व साफा बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, बीआरसी अजब सिंह राजपूत, ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, आजाप सिंह ठाकुर, डीडी वैरागी, विजय सिंह ठाकुर, जगदीश विश्वकर्मा, दयाराम सेठ, सोबाल सिंह ठाकुर, सोहन सोनी, भुजराम जाट, रतन सिंह मालवी, फूल सिंह पचेरवाल, शिक्षक प्रति बाला बैरागी, देवेंद्र मुंद्डा, चंद्र सिंह मालवीय व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बमुलिया रायमल में चल रहे गरबे का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




जावर तहसील के ग्राम बमुलिया रायमल में राजस्थानी मंडल प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला का मंचन हुआ।

विरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 7 दिन से चल रहे मां अम्बे के गरबे में राजस्थान से हर वर्ष अलग अलग डांसर आते हैं। अपनी कला से शानदार प्रस्तुति देते हैं। वहीं पर रामलीला का आयोजन भी राजस्थानी कलाकारों द्वारा किया जाता है। मां अम्बे की संध्या कालीन पांच आरती की जाती है। प्रतिदिन मां अम्बे के दरबार में तुलादान होते हैं। गुरुवार को बड़े ही धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ सभी ग्रामवासी ने मिलकर मां अम्बे के कलश का विसर्जन किया इसी बीच गांव बमुलिया रायमल में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर पधारें उन्होंने माता मंदिर में 5 लाख रुपए देने की घोषणा की जिससे गांव सभी लोगों ने विधायक का आभार माना और ग्रामीणों ने विधायक एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत बड़े ही धूमधाम से किया।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चल रहा चातुर्मास

# कृत कारित अनुमोदना से त्याग करना महाव्रत है: सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



त्रियंचो को क्लेश पहुंचाने का उन्हें बधिया करने आदि का उपदेश देना,त्रियंच का व्यापार करने का उपदेश देना, हिंसा, आरंभ और दूसरों को छल -कपट से ठगने की कथाओं का प्रसंग उठाना,ऐसी कथाओं का बार - बार कहना,यह पापोपदेश नाम का अनर्थ - दण्ड माना गया है।दिग्व्रत के पांच अतिचार माने जाते हैं। ऊर्ध्वदिशा की मर्यादा का उल्लंघन करना,अधोदिशा की मर्यादा का उल्लंघन करना, पूर्वादी तिर्यग्दिशाओं की मर्यादा का उल्लंघन करना, मर्यादित क्षेत्र की वृद्धि कर लेना और मर्यादाओं को भूल जाना। दिशाओं की मर्यादा के भीतर निरर्थक पाप योगों से निर्माण करने को व्रत धारियों में अग्रणी गणधरादिने अनर्थदण्डव्रत जानते हैं - कहते हैं।हिंसादिक पांचों पापों का मन, वचन,काय से और कृत कारित अनुमोदना से त्याग करना महाव्रत है और यह महापुरुषों को होता है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए कहीं। आपने कहां कि आचार्य समंतभद्र स्वामी ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ में बहुत अच्छी -अच्छी बातें लिख दी है, जिस को पढ़कर व्यक्ति सदगति में जाता है, दुर्गति में नहीं। व्रती श्रावक कोई ऐसा काम फालतू नहीं करते हैं ,जिसके कारण उन्हें दोष लगे। जानबूझकर दोष नहीं लगाएं।पापों के नहीं धारण करने वाले निष्पाप आचार्यों ने अनर्थ दण्ड के पांच भेद कहें है। पापोपदेश, हिंसा दान, अपध्यान, दुःश्रुति और प्रमाद चर्या सबसे ज्यादा पापाश्रव मन से होता है और जिसने मन रुपी घोड़े पर कंट्रोल कर लिया पापोपदेश से बच जाएगा। द्रव्य धोने के लिए थोड़ा सा जल चाहिए, लेकिन आप अधिक जल ढोलते है तो पाप लगेगा। मुनिश्री ने कहा धार्मिक और घरु काम में विवेक से निर्णय लें।दोष लगे ऐसी चर्चा नहीं करें। धर्म ध्यान करने वाले श्रावक चाहिए।छल कपट करने वाले अपनी आत्मा में छल कर रहे हैं। मोबाइल बहुत अधिक मायाचारी करवा रहा है, झूठ बोलना सिखाता है। सभी को प्रतिक्रमण करना चाहिए। मायाचारी करने वाले को धर्म आराधना का वह पुण्य अर्जित नहीं होता जो होना चाहिए।फरसा, कुल्हाड़ी, तलवार, गैंती, फावड़ा, कुदारी, अग्नि, छुरी, भाला, लाठी, विष, सांकल आदिक हिंसा के कारणों का दूसरों के लिए देने को हिंसादान नाम का अनर्थदण्ड कहते हैं। कीटनाशक, गर्भपात की दवा बैचने वालों को हिंसा का पाप लगता है।चिंटी नहीं है,यह देखकर ही लक्ष्मण रेखा खींचें। क्रोध में व्यक्ति अंधा हो जाता है। द्वेष से किसी प्राणी के वध,बन्ध और छेदनादि का चिन्तवन करना तथा राग से पर स्त्री आदि का चिन्तवन करना,इसे जिन - शासन में निपुण पुरुषों ने अपध्यान नाम का अनर्थदण्ड कहा है।

## 15 लाख से बने भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम पंचायत शंभुखेड़ी के ग्राम मूंडला में अभी तक ऐसा कोई स्थान नही था,जहां ग्रामीण अपने यहा होने वाले छोटे बड़े आयोजन एक ही स्थान पर कर सके। अब ग्राम मूंडला के ग्रामीण जनों की उक्त समस्या आज समाप्त हो गई है। क्योंकि आज आपको एक सामुदायिक भवन की सौगात मिल गई है। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज ग्राम पंचायत शंभुखेड़ी के ग्राम मूंडला में 15 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण अवसर पर उपस्तिथ ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहे।

कार्यक्रम में उपस्तिथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान,भाजपा मैना मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य,रामचन्द्र परमार,मैना मंडल के विष्णु परमार, बंटी मेवाड़ा, सरपंच गजराजसिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम मूंडला में बने उक्त सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत शंभूखेड़ी के सरपंच महेश चौधरी ने अपनी ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों का एक मांग पत्र भी विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को सौंपा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की ग्राम पंचायत की जो भी समस्याएं और जो मांगे हैं उन पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।